(क) क्या यह सच है कि अहमदाबाद और दिल्ली के बीच सुपरफास्ट रेलगाड़ी प्रतिदिन नियमित रूप से नहीं चलती;

(ख) यदि हां, तो रेलगाड़ी के प्रतिदिन नियमित रूप से चलाने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं :

(ग) क्या सरकार का विचार सुपर-फास्ट रेलगाड़ी के रोकने के लिए अलवर और फालने के लोगों की मांग को स्वीकार करने का है; और

(घ) यदि हां तो उनकी मांग कब तक मान ली जाएगी ?

**रेल मन्त्री (श्री ए० बी० ए० गनी खां चौधरी)** : (क) और (ख) 505/506 दिल्ली अहमदाबाद सुपर फास्ट एक्सप्रेस सप्ताह में 4 दिन चलती है। दिल्ली-फुलेरा-खण्ड (कार्ड के रास्ते) पर, उन दिनों को जब दिल्ली-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाड़ी नहीं चलती, 509/510 दिल्ली-जोधपुर सुपर फास्ट एक्सप्रेस चलती है। इसलिए, फालतू लाइन क्षमता तथा चल-स्टाक की कमी के कारण दिल्ली-अहमदाबाद सुपर फास्ट गाड़ी को प्रतिदिन चलाना परिचालनिक दृष्टि से व्यावहारिक नहीं है।

(ग) और (घ) 506 अहमदाबाद-दिल्ली और 510 जोधपुर-दिल्ली और 510 जोधपुर-दिल्ली सुपर फास्ट एक्सप्रेस गाड़ियां अलवर स्टेशन पर परिचालनिक कारणों से ठहरती हैं। अलवर स्टेशन से इन गाड़ियों द्वारा यात्री बुकिंग की अनुमति देने का विनिश्चय किया गया है। दूसरी दिशा में अलवर स्टेशन पर तथा फालना स्टेशन पर इन गाड़ियों के ठहराव की व्यवस्था करना वांछनीय नहीं समझा जाता क्योंकि इससे चालन-समय में वृद्धि हो जाएगी, परिणामस्वरूप गाड़ियों का का पारन उथल-पुथल हो जाएगा। इसके अलावा सभी मार्गवर्ती स्टेशनों से ठहराव के लिए दबाव डाला जाएगा।

**Parcel containing gold disappeared from Punjab Mail during April, 1983**

754. SHRI RAJESH KUMAR SINGH :
SHRI RASHEED MASOOD :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state ;

(a) whether a parcel containing 10.5 kgs. of gold belonging to the Bombay Branch of the State Bank of India disappeared from the Punjab Mail sometimes in April, 1983 ;

(b) if so, whether Government have made any investigation into the missing parcel containing gold ; and

(c) if so, result thereof and what action has been taken by the Government in the matter ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHOUDHURY) : (a) Yes. However, the weight of gold containing in the consignment as declared by the consignor was 8 kgs. and with packing it was 10.5 kgs.

(b) and (c) The Government Railway Police, Bhusawal registered a case crime No. 74/83 dated 30-4-83 under Section 409/379 I.P.C. and investigations by Maharashtra State C.I.D. are in progress. Three railway employees have since been arrested by the Police.

**Primary Stage instruction in Mother Tongue**

755. SHRIMATI SUMATI ORAON : Will the Minister of EDUCATION AND CULTURE be pleased to state :.

(a) whether the Union Government are satisfied with the progress on the part of State/Union Territories Govern

ments particularly Bihar, Madhya Pradesh and Orissa to provide adequate facilities for instructions in the mother tongue at the primary stage of education to children belonging to linguistic minority groups as envisaged under article 350-A of the Constitution ;

(b) if not, the reasons therefor and proposals, if any, to make amends in respect of and specific time-frame proposed therefor ; and

(c) whether Government propose to extend the scope of article 350-A so as to provide for the use of mother tongue in adult education among the linguistic minorities groups?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRIES OF EDUCATION AND CULTURE AND SOCIAL WELFARE (SHRIMATI SHEILA KAUL) : (a) and (b) Instruction through mother-tongue at the primary stage of education is accepted in principle by most of the States and Union Territories including Bihar, Madhya Pradesh, and Orissa. They provide for these facilities wherever possible.

(c) No, Sir.

### लहरतारा (वाराणसी) में ऊपरि पुल

756. **श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ वर्ष पहले पूर्वोत्तर रेलवे के अन्तर्गत वाराणसी के लहरतारा में एक विशाल ऊपरि पुल का निर्माण किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इसका मूल बजट क्या था और इस पर वास्तव में कुल कितनी धनराशि खर्च की गई थी;

(ग) इस पुल की कितनी आयु निर्धारित की गई थी तथा इस पुल का निर्माण सम्बन्धी ब्योरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार को यह जानकारी है कि यह पुल अल्प समय में क्षतिग्रस्त हो रहा है ?

**रेल मंत्री (श्री ए० बी० ए० गनी खां चौधरी)** : (क) जी हां, वाराणसी और मंडुआडहि के बीच समपार सं० 2 पर एक ऊपरि सड़क पुल का निर्माण किया गया था ।

(ख) 1970-71 में जब इस काम को निर्माण कार्यक्रम में शामिल किया गया था तो उसकी प्रारम्भिक अनुमनित लागत में 24.9 लाख रुपये थी और उसकी पूर्ति लागत 54.0 लाख रुपये थी । लागत को रेलवे तथा राज्य सरकार द्वारा समान रूप से बांटी गयी थी ।

(ग) मूल्यह्रास के उद्देश्य के लिए पुलों का कार्यक्रम इस्पात के लिए 60 वर्ष तथा चिनाई के लिए 100 वर्ष रखा गया है । रेलों ने रेलपथ के ऊपर मुख्य पुल बनाया था । पहुंच मार्ग तथा डेक स्लेप भाग का निर्माण राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था ।

(घ) रेलें रेलपथ के ऊपर मुख्य पुल का अनुरक्षण कर रही हैं और उसकी क्षति नहीं हुई है । पुल के ऊपर सड़क सतह और पहुंच मार्गों का अनुरक्षण राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है ।

### Regularisation of Casual Labour

757. SHRI S.A. DORAI SEBASTIAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the total number of casual labourers working on the Railways and the total amount of salaries and wages paid to them ;

(b) the details of 80,000 casual labourers employed on various construction